No. of Printed Pages : 4 **MHD-4**

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए. हिन्दी)

(एम. एच. डी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2022

एम. एच. डी.-4 : नाटक और अन्य गद्य विधाएँ

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : $3 \times 12 = 36$

(क) सेत सेत सब एक से, जहाँ कपूर कपास।
ऐसे देस कुदेस में, कबहूँ न कीजै बास
कोकिल बायस एक सम, पंडित मूरख एक।
इन्द्रायन दाड़िम विषय, जहाँ न नेकु विवेक

(ख) वह नफरत करती है इस सबसे—इस आदमी के ऐसा होने से। वह एक पूरा आदमी चाहती है अपने लिए एक—पूरा .... आदमी। गला फाड़कर

वह यह बात कहती है। कभी इस आदमी को ही वह आदमी बना सकने की कोशिश करती है। कभी तड़पकर अपने को इससे अलग कर लेना चाहती है। पर अगर उसकी कोशिशों से थोड़ा भी फर्क पड़ने लगता है इस आदमी में, तो दोस्तों में इनका ग़म मनाया जाने लगता है।

(ग) मैं खुद भी एक मज़दूर हूँ
मैं खुद भी एक किसान हूँ
मेरा पूरा जिस्म दर्द की तस्वीर है
मेरी रग-रग में नफरत की आग भरी है
और तुम कितनी बेशर्मी से कहते हो
कि मेरी भूख एक भ्रम है
और मेरा नंगापन एक ख्वाब।

(घ) धन का जो लोभ मानसिक व्याधि या व्यसन के रूप में होता है उसका प्रभाव अंत:करण की शेष वृत्तियों पर यह होता है कि वे अनभ्यास से कुंठित हो जाती हैं। जो लोभ और मान-अपमान के भाव को, करुणा और दया के भाव को, न्याय-अन्याय के भाव को, यहाँ तक कि अपने कष्ट-निवारण या सुख-भोग की इच्छा तक को दबा दे, वह मनुष्यता कहाँ तक रहने देगा ?

(ङ) जीवन की ऐसी आकस्मिक घटनाएँ ही वास्तव में जीवन को दिशा देती हैं, और जिसे हम 'नियति' का गंभीर-सा नाम देते हैं, वह शायद बहुत नगण्य-सी लगने वाली घटनाओं से अपने बड़े-बड़े लक्ष्य प्राप्त करती रहती है। क्या मेरे अंदर का कहानीकार मर गया ? मरता जीवन में कुछ भी नहीं केवल रूप बदलता है। कहानीकार मेरे कवि में आत्मसात् हो गया।

2. 'स्कंदगुप्त' नाटक में राष्ट्रीय भावना की अभिव्यक्ति की सोदाहरण समीक्षा कीजिए। 16

3. 'अंधायुग' के प्रमुख चरित्रों में निहित प्रतीकात्मकता की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 16

4. असंगत नाटक के रूप में 'ताँबे के कीड़े' का महत्व प्रतिपादित कीजिए। 16

5. ललित निबंध के आलोक में 'कुटज' निबंध की विशेषताएँ बताइए। 16

6. रेखाचित्र की विशेषताओं की दृष्टि से 'ठकुरी बाबा' का मूल्यांकन कीजिए। 16

7. 'वसंत का अग्रदूत' को आधार बनाकर निराला के व्यक्तित्व की विशेषताएँ बताइए। 16

8. 'किन्नर देश की ओर' यात्रावृत्तांत की समीक्षा प्रस्तुत कीजिए। 16

9. 'अदम्य जीवन' रिपोर्ताज की भाषा-शैली की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 16

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $8 \times 2 = 16$

(क) 'अंधेर नगरी' का व्यंग्य

(ख) 'आधे-अधूरे' के पुरुष पात्र

(ग) 'कलम का सिपाही' के प्रेमचंद

(घ) 'संस्कृति और जातीयता' की भाषा